सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-529
31/10/2017

लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती भव्य रूप से मनाई गई, उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई

पटना 31 अक्टूबर 2017 :– लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राजकीय जयंती समारोह का आयोजन पटेल चौक, चितकोहरा पुल के निकट बल्लभ भाई पटेल प्रतिमा प्रांगण में आयोजित किया गया, जहाँ पर राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक, मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने स्व0 सरदार बल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर पथ निर्माण मंत्री श्री नंद किशोर यादव, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री उदय नारायण चौधरी, विधायक श्री श्याम रजक, विधायक श्री संजीव चौरसिया, पूर्व महासचिव नागरिक परिषद श्री छोटू सिंह सहित अनेकों सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने स्व0 सरदार बल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन, कीर्तन एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

आज लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें शत्–शत् नमन किया गया। जगह–जगह पर जयंती समारोह आयोजित कर उनके व्यक्तित्व, कृतित्व तथा राष्ट्र निर्माण में उनके द्वारा दी गई त्याग, बलिदान को याद करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। उनके सपनों के भारत का निर्माण के संकल्प को दोहराया गया।

******